www.mpboardonline.com

PRE BOARD EXAM. 2015-16

SUB: Hindi

Class : X

Time : 3 Hrs. **MM: 100**

प्र.1 खाली स्थान भरिए।

1. मलिक मुहम्मद जायसी की रचना .... है।
2. माई की बगिया में ....के फूल खिलते है।
3. पद्माकर ....प्रमुख कवियों में से है।
4. कामायनी ....है।
5. आधुनिकता .... का विरोध करती है।

प्र.2 सही विकल्प चुनकर लिखिए।

क. श्रीकृष्ण के सुन वचन अर्जुन क्रोध से जलने लगे में कौन–सा रस विद्यमान है।

1. रौद्र रस 2. हास्य रस 3. करुण रस।

ख. छायावादी युग के प्रवर्तक है।

1. जयशंकर प्रसाद 2. श्रीधर पाठक 3. राम चन्द्र शुक्ल।

ग. किस पत्रिका के साथ ही हिन्दी कहानी का जन्म माना जाता है।

1. सुदर्शन 2. सरस्वती 3. इन्दु।

घ. सूर के पदों की भाषा है।

1. ब्रज 2. अवधी 3. हिन्दी।

ड. सर्वाधिक लोकप्रिय महाकाव्य है।

1. कामायनी 2. रामचरितमानस 3. सांकेत।

www.mpboardonline.com

www.mpboardonline.com

प्र.3 सत्य/असत्य छाँटिए–

क. बालक राम चन्द्रमा को मांगने का हठ करते हैं। ☐

ख. महाजन का नाम ज्वालाप्रसाद था। ☐

ग. श्रीकृष्ण को सोलह कलाओ का अवतार कहा जाता है। ☐

घ. ''यथा शक्ति'' अव्ययी भाव समास का उदाहरण है। ☐

ड. गेहूँ मनुष्य की भूख एवं शारीरिक आवश्यकता का प्रतीक है। ☐

प्र.4 एक वाक्य में उत्तर दीजिए।

क. कवि नागार्जुन ने हिमालय की झीलों में किसको तैरते देखा।

ख. गीता शास्त्र के महान उपदेशक कौन है।

ग. आक्रोश में आकर मजदूरों ने क्या किया।

घ. किस चीज को गंवाकर मनुष्य धनी बनता है।

ड. राम! तुम नगर में रहो। यह किस प्रकार का वाक्य है।

प्र.5 सही जोड़ी बनाइये।

''अ''		''ब''
1.	पथ की पहचान	क. कठिन कार्य
2.	बैल की बिक्री	ख. ठेकेदार
3.	सांकेत	ग. डॉ. हरिवंश राय वच्चन
4.	ठेका लेने वाला	घ. सिया राम शरण गुप्त
5.	टेढ़ी खीर	ड. मैथिली शरण गुप्त

प्र.6 कुब्जा कौन थी। उसका उद्धार किसने किया।

अथवा

निगुर्ण एवं सगुण भक्तिा में प्रमुख अन्तर क्या है?

www.mpboardonline.com

www.mpboardonline.com

प्र.7 मनु को हर्ष मिश्रित झटका–सा क्यों लगा?

अथवा

गिरिधर जी ने गुणवान के महत्व को किस प्रकार रेखांकित किया है।

प्र.8 खाली पेट कविता में निहित व्यंग्य को लिखिए।

अथवा

भारतेन्दु यंग के निबंधों की कोई–4 विशिष्टताएं लिखिए।

प्र.9 ज्ञान और दीपक में परस्पर संबंध क्या है?

अथवा

अतिश्योक्ति अलंकार की परिभाषा लिखिए उदाहरण देकर।

प्र.10 लोकोक्तियों का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग करो।

अथवा

थोथा कचना बाजे घना,

दूर के ढोल सुहावने होते है।

हाथ कंगन को आसी क्या।

प्र.11 निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए।

अथवा

1. ये ख्याल इन दुनियादारी की,
लपटों से झुलस गये है,
कामयाबी की चोंट से
ये लहुलूहान हैं।

2. नील परिधान बीच सुकुमार
खुल रहा मृदुल अधखुला अंग
खिला हो ज्यों बिजली का फूल
मेघवन बीच गुलाबी रंग।।

www.mpboardonline.com

www.mpboardonline.com

प्र.12 निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तित कीजिए।

1. मैं खेती के बारे में जानता हूँ। (निषेधात्मक वाक्य)
2. बादल समय पर पानी नहीं देते हैं। (विधान वाचक वाक्य)
3. दीपक बाजार जा रहा है। (प्रश्नवाचक वाक्य)
4. तुम्हें अपना गृहकार्य करना कठिन है। (आदेशात्मक वाक्य)

प्र.13 1. हरि गीतिका छनद के लक्षण लिखिए।

2. महाकाव्य एवं खण्डकाव्य में कोई तीन अंतर लिखिए।
3. आज्ञावाचक वाक्य किसे कहते हैं। उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.14 निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए।

1. आधुनिकता सम्प्रदाय का विरोध करती है। क्योकि आधुनिकता गतिशील प्रक्रिया है। सम्प्रदाय स्थिति संरक्षक। परन्तु परम्परा का आधुनिकता का वैसा विरोध नहीं होता। दोनों ही गतिशील प्रक्रियाएं है। दोनों में अन्तर केवल यह है कि परम्परा मात्रा के बीच पड़ा हुआ। अंतिम चरण है। जबकि आधुनिकता आगे बढ़ा हुआ गतिशील कदम है।

2. महत्व किसी कार्य की विशालता से नहीं है। उस कार्य के करने की भावना से है। बड़े से बड़ा कार्य हीन है। यदि उसके पीछे अच्छी भावना नहीं है। और छोटे से छोटा कार्य भी यदि उसके पीछे अच्छी भावना है।

प्र.15 वासुदेव शरण अग्रवाल अथवा हजारी प्रसाद द्विवेदी का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए।

दो रचनाएँ, भाषा शैली, साहित्य में स्थान।

प्र.16 पत्र लिखिए। कोई–1

1. परीक्षाकाल में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रोक लगाने हेतू जिलाधीश महोदय को पत्र लिखिए।

2. सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल को दसवीं बोर्ड परीक्षा की अंक सूची की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतू एक आवेदन पत्र लिखिए।

प्र.17 निम्न में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। जीवन में कम्प्यूटर का महत्व।

1. वृक्षारोपण एवं मानव 2. राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता 3. विद्यार्थी और अनुशासन।

www.mpboardonline.com